जनपद हमीरपुर
दिनांक 05.06.2026

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित।

आज दिनांक 05 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थाना, चौकी एवं पुलिस कार्यालय परिसरों में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया,इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का भी संकल्प लिया, ताकि ये पौधे भविष्य में विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में ही सहायक नहीं होते, बल्कि वे वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने, भू-क्षरण रोकने, वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखने तथा मानव जीवन को स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्षारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम न होकर एक सतत सामाजिक दायित्व है, जिसे प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से हमीरपुर पुलिस ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। साथ ही यह भी संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित से जुड़े ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।